संस्थापित वर्ष 1978
पंजीकृत सं0 3172

दूरभाष : (0522) 4066531

# जनरल इंश्योरेन्स इम्प्लाइज को-आपरेटिव क्रेडिट सोसायटी लि0

द्वितीय तल, बी.एम.प्लाजा, नवल किशोर रोड, लखनऊ-226001

ईमेल : giecooplw@yahoo.com वेबसाईट : www.giecooplw.com



# 46वीं वार्षिक सामान्य बैठक 2024

दिनांक : 29.09.2024

स्थान : हरि ओम मन्दिर, लालबाग, लखनऊ

सरिता सोनकर
सभापति
मो. 9005538373

अनिल कुमार वर्मा
अवैतनिक सचिव
मो. 7376094392

# दिनांक 19.03.2023 से कार्यरत संचालक मण्डल एवं सचिव



**श्रीमती सरिता सोनकर**
सभापति
ओरियन्टल इन्श्योरेंस कं0 लि0
मो. 9005538373



**श्री ए0 के0 वर्मा**
सचिव
ओरियन्टल इन्श्योरेंस कं0 लि0
मो. 7376094392



**श्री दिनेश चन्द्र श्रीवास्तव**
सदस्य संचालक मण्डल
युनाइटेड इण्डिया इन्श्योरेंस कं0 लि0
मो. 9026613694



**श्री शुभकरन**
सदस्य संचालक मण्डल
नेशनल इन्श्योरेंस कं0 लि0
मो. 9415786298



**श्री शिव लखन**
सदस्य संचालक मण्डल
नेशनल इन्श्योरेंस कं0 लि0
मो. 8707767020



**श्री अविनाश चन्द्र**
सदस्य संचालक मण्डल
युनाइटेड इण्डिया इन्श्योरेंस कं0 लि0
मो. 9651147044



**श्री के0 के0 त्रिपाठी**
सदस्य संचालक मण्डल
ओरियन्टल इन्श्योरेंस कं0 लि0
मो. 9415930428

वार्षिक सामान्य बैठक दिनांक 29/09/2024

# वार्षिक प्रतिवेदन एवं विवरणी

## सहकारिता वर्ष 2023-2024

## जनरल इंश्योरेंस इम्प्लाइज
## को-आपरेटिव क्रेडिट सोसायटी लि0
## लखनऊ

**अनिल कुमार वर्मा**
अवैतनिक सचिव

**सरिता सोनकर**
सभापति

# अध्यक्षीय संदेश



सम्मानित साथियो ,

जनरल इंश्योरेंस इम्प्लाइज को0 आपरेटिव क्रेडिट सोसायटी लिमिटेड के सभी सम्मानित सदस्यों एवं सामान्य बीमा कंपनियों के संगठनों के उपस्थित समस्त पदाधिकारियों का, मैं समिति की 46 वीं वार्षिक सामान्य बैठक सभा में अभिनंदन करती हूँ।

वित्तीय वर्ष 2023-2024 में समिति ने 1.77 करोड़ लाभ अर्जित किया है, जैसा कि आप सभी अवगत होंगे कि नये बोर्ड का गठन मार्च 2023 में हुआ था और नये बोर्ड के समक्ष काफी चुनौतियां थी। सभी प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष चुनौतियों को स्वीकार करते हुए एवं आप सभी सदस्यों के असीम सहयोग से हम सभी ने सर्वोत्कृष्ट देने का प्रयास किया है।

प्रतिवर्ष सेवानिवृति एवं स्वैच्छिक सेवानिवृति के कारण लगातार सदस्यों की संख्या में कमी आ रही है। हमारा सदैव यह प्रयास रहा है कि हम निरंतर नई सदस्यता हेतु लोगों को प्रेरित करते रहें जिस कारण वित्तीय वर्ष 2023-2024 मे 51 नये सदस्यों ने समिति की सदस्यता ग्रहण की है। सहकारिता के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए सामान्य बीमा कंपनियों के अधिकांश कर्मी जो अभी तक समिति से नहीं जुड़े हैं, उन्हें भी हम जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। समिति पारदर्शिता के साथ कार्य करने के लिए नई-नई तकनीक का प्रयोग करने में अग्रणी है। इसी कार्यशैली का परिणाम है कि अविलम्ब ऋण आवेदन पत्रों का निस्तारण सावधि एवं आवर्ती जमा का भुगतान कर पा रही हूँ।

साथियों आपने जिस विश्वास और भरोसे के साथ मुझे यह दायित्व सौंपा है, उसी विश्वास के साथ मैं अपनी समिति के सदस्यों के लिए आर्थिक सुरक्षा एवं वित्तीय सेवाओं के साथ आगे बढ़ाने का प्रयास करूँगी। मैं समिति के कर्मियों द्वारा किए गए कार्य की सराहना करती हूँ।

अन्त में मैं सभी से समिति को बुलंदियों पर पहुंचाने के लिए सुझाव आमंत्रित करती हूँ तथा आप सभी का बहुमूल्य योगदान हेतु आभार व्यक्त करती हूँ।

धन्यवाद।

(सरिता सोनकर)
सभापति

जय हिन्द, जय भारत

# संदेश



चन्द्र शेखर वर्मा
उप महाप्रबंधक

यह जानकर हर्ष हो रहा है कि जनरल इंश्यारेंस इम्प्लाईज कोआपरेटिव क्रेडिट सोसायटी लिमिटेड लखनऊ की 46वीं वार्षिक सामान्य बैठक 29 सितंबर 2024 को लखनऊ में आयोजित की जा रही है व इस बैठक में हमें आमंत्रित किया गया है।

वार्षिक सामान्य बैठक में मनोनीत कार्यकारी सदस्य मण्डल व सोसाइटी के सभी सदस्यो को क्रेडिट सोसाइटी के सफलतापूर्वक संचालन की बधाई व शुभकामनाएँ। सोसाइटी आवश्यकता के समय सभी सदस्यों की त्वरित ऋण व्यवस्था कर आर्थिक मदद करती है जो कि सभी जनरल इंश्योरेंस कर्मियों के लिए हितकारी है। सोसाइटी की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता पूर्वक कार्य निष्पादन के लिए सभी पदाधिकारी व कर्मियों को बधाई। हम वार्षिक बैठक के सफलतापूर्वक आयोजन व सोसायटी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। धन्यवाद !

---



शिव शंकर
क्षेत्रीय प्रबन्धक
ने.इं.क.लि.

प्रिय साथियों

आप सभी को सादर नमस्कार। हमें यह जानकर अपार प्रसन्नता हो रही है कि हम सभी हर्षोल्लास के साथ अपनी जनरल इंश्यारेंस इंप्लाईज को-आपरेटिव क्रेडिट सोसाईटी लिमिटेड, लखनऊ की 46वीं जयन्ती मना रहें है। देश में औद्योगिक क्रांति (**Industrial Revolution**) के परिणामस्रूप व्याप्त संकट के कारण 19वीं शताब्दी में सहकारिता आंदोलन की शुरूआत हुई थी। सहकारी आंदोलन से जन्में अनेक कारको ने एक वैकल्पिक माध्यम से सस्ते ऋण के प्राविधान की आवश्यकता पर बल दिया। यह परस्पर सहयोग, अंशदान, स्वैछिक व गैर-सरकारी की अवधारणा पर आधारित था। समिति की स्थापना दिनांक 14 सितम्बर 1978 को हुई थी। समिति को पूर्ण रूप से संवैधानिक समिति के संबंध में भाग **IXA** (नगरपालिका) के ठीक बाद एक नया भाग **IXB** जोड़ा गया। संविधान के भाग **III** के अंतर्गत अनुच्छेद 19(1)(c) में 'संघ और संगठन' के बाद 'सहकारिता' शब्द जोड़ा गया था। यह सहकारी समितियाँ बनाने के अधिकार का मौलिक अधिकार (**Directive Priciples of State Policy** - भाग **IV**) में 'सहकारी समितियों के प्रचार' के संबंध में एक नया अनुच्छेद **43B** जोड़ा गया था। जनरल इंश्योरेंस इंप्लाईज को आपरेटिव क्रेडिट सोसाईटी लिमिटेड, लखनऊ का 46 वर्षो का गौरवशाली व संरक्षकरूपी इतिहास है। समिति ने हम सभी सदस्यों के जीवन को हर पल संवारा है। हम सभी सदस्य जनरल इंश्योरेंस इंप्लाईज को-आपरेटिव क्रेडिट सोसाईटी लिमिटेड, लखनऊ के सदैव आभारी रहेंगे। सभी सदस्यों को समिति की 46वीं जयंती के पावन-पर्व पर हार्दिक बधाई व अनंत शुभकामनायें।

---

प्रिय साथियों



जनरल इंश्योरेंस एम्पलाइज कोअ२परेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड लखनऊ की स्थापना स्वर्गीय स्वदेश रंजन सरकार ने अपने कुछ सहयोगियों के साथ मिलकर की थी उस समय ₹5 का मानसिक अंशदान सदस्यों से लिया जाता था और ₹500 के ऋण सदस्यों को दिए जाते थे। आज प्रत्येक जरूरतमंद साथियों को 25 लाख रूपए तक के ऋण समिति द्वारा दिए जाते हैं। यदि किसी सदस्य की आकस्मिक मृत्यु हो जाती है तो समिति उसके परिवार को आर्थिक सहायता भी प्रदान करती है। समिति को ₹500 के ऋण से 25 लाख रूपए के ऋण तक पहुंचाने की इस लंबी यात्रा में कई उतार चढ़ाव भी आए लेकिन कुशल नेतृत्व के कारण आज यह समिति इस मुकाम पर पहुंची है। जनरल इंश्योरेंस सेक्टर में नियुक्ति न होने के कारण समिति की सदस्य संख्या काफी काम हो गई है यह एक चिंता का विषय है इसके निराकरण के लिए हम वर्तमान प्रबंधन से अपेक्षा करते हैं कि वह सदस्य संख्या बढ़ाने हेतु एक अभियान चलाए। इस आम सभा की सफलता हेतु हम अपनी शुभकामनाएं देते हैं और आशा करते हैं कि समिति अपने उच्चतम स्तर पर पहुंचे।

आपका साथी
बी सी श्रीवास्तव
पूर्व अध्यक्ष

धन्यवाद !

वार्षिक सामान्य बैठक दिनांक 29/09/2024

# संदेश



जी0 एस0 सिंह
पूर्व उप सभापति

जनरल इंश्योरेंस इंप्लाइज कोआपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लखनऊ के 46वें स्थापना दिवस पर सभी सम्मानित सदस्यों को हृदय से शुभकामनाएं। समिति की स्थापना सन 1978 में स्वर्गीय सरकार दादा तथा कुछ साथियों के साथ मिलकर की गई थी उस समय समिति की सदस्यता शुल्क ₹5 थी जो आज बढ़कर 1150 रूपए हो गई है तथा समिति भी निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है और आज समिति अपने सदस्यों को 25 लाख रूपए तक त्वरित ऋण देने में सक्षम है। समिति की रिकिंरिग डिपाजिट स्कीम तथा फिक्स डिपाजिट स्कीम बैंकों से भी ज्यादा आकर्षक है जिसमें कार्यरत कर्मचारियों के साथ-साथ पेंशन भोगी साथियों को भी फिक्स डिपाजिट करने का शुभ अवसर प्राप्त होता है उपरोक्त कार्यो हेतु समिति के समस्त संचालक मंडल को तथा विशेष रूप से अनिल वर्मा, सचिव को हृदय से सुभाषीश है कि आप सभी सदस्यों के कर्मठ विचारों के द्वारा निरंतर सोसाइटी आगे बढती रहे। समस्त साथियों को शुभकामनाएं।



शुभ करन
सदस्य संचालक मण्डल

सम्मानित साथियो, जैसा की आप अवगत है कि 19 मार्च 2023 को गठित बोर्ड के कार्यकाल का यह दूसरा समान्य वार्षिक बैठक है, जिसमे आप सभी ने बढ़ -चढ़ कर अपनी भागीदारी निभाई, जिसके लिये हम आभार व्यक्त करते है । हमे इस बात की खुशी और संतुष्टी है कि, जिस उद्देश्य से संसथापक परम आदरणीय स्व. स्वदेश रंजन सरकार दादा द्वारा, जनरल इंश्योरेंस एम्पालाइज को-आपरेटिव क्रेडिट सोसायटी की स्थापना की गयी थी एवं जिस कुशलता के साथ पूर्व बोर्ड के सदस्यो द्वारा सराहनीय योगदान देकर सदस्यो के हितो की योजनाये बनायी गयी, हम उसे निरन्तर जारी रखते हुये सोसायटी को दिन प्रतिदिन आगे बढ़ाने हेतु प्रयासरत है । एवं आप सब के सहयोग से उसमे सफलता भी मिल रही है, पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष सोसायटी ने अधिक लाभ अर्जित करते हुये, अपने सदस्यो को पिछले वर्ष से जादा लाभांश प्रदान करने का निर्णय लिया है , दुर्भाग्यवश सदस्य की मृत्यु होने पर मृत्यु सहायता राशि भुगतान 3 लाख,अंतिम संस्कार हेतु निर्धारित सहायता राशि रूपये 5000/- भुगतान, बकाये ऋण पर 45 प्रतिशत अथवा 5 लाख तक ऋण माफ करना एवं सदस्य के सेवानृवित होने पर स्मृति चिन्ह प्रदान करना तथा सेवानृवित साथियो के लिये उनके सेवानृवित दिनांक से पाँच बर्ष की अवधि तक, रूपए 20 लाख तक की एफ. डी. कराने की सुविधा जारी है, साथियो, सोसायटी का मूल्य उद्देश्य लाभ कमाना नही, बल्कि एक मात्र उद्देश्य सदस्यो की सेवा भावना रही है । जिसे हम निष्पक्ष ,पारदर्शी व सदस्यो के लिये लाभदायक बनाने के लिये द्रणसंकल्पित है । आशा करते है कि, आपका सहयोग,योगदान, विश्वाश और आशिर्बाद, आगे भी इसी प्रकार से, सोसायटी व संचालक मण्डल पर बना रहेगा , इसी के साथ हम अपने वरिष्ठ सहयोगियो मार्ग दर्शको एवं समस्त सदस्यगणो का पुनः आभार व्यक्त करते है । दशहरा, दुर्गा पूजा व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाओ सहित।



के. के. त्रिपाठी
सदस्य संचालक मण्डल

प्रिय साथियों,

अत्यधिक प्रसन्नता का विषय है कि जनरल इंश्योरेन्स इम्प्लाईज को-आपरेटिव सोसायटी लि0, लखनऊ अपनी 46वीं वार्षिक सामान्य बैठक आयोजित करने जा रही है। लखनऊ सोसायटी अपने सदस्यों के लिए सर्वाधिक कल्याणकारी योजनाएं चला रही है, जो कदाचित अन्य समितियों में ये योजनाएं मिलना कठिन है। मैं इस सोसायटी में संचालक मण्डल सदस्य के रूप में कार्य करने में स्वयं को गौरवान्वित महसूस करता हूँ।

शुभकामनाओं सहित !

प्रिय साथियों, जनरल इंश्योंरेस एम्प्लाइज़ को-आपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी आज अपने 46वें वर्ष में प्रवेश कर रही है, जिसके लिए हम इसको तहे दिल से मुबारकबाद देते है। लखनऊ क्रेडिट सोसायटी की बात ही निराली है। कहने को तो यह एक बैंक है, पर जरूरतमंद के लिए एक आपातकालीन सहायता केन्द्र है। इसकी कार्यप्रणाली की जितनी प्रशंसा की जाए, उतना ही कम है। समय से हर वर्ष पर लाभांश, दूध पर अलग से मलाई के समान है। सदस्य के नौकरी में रहने पर तो यह लाभ देती ही है, संयोवश सदस्य की मृत्यु हो जाए और सदस्य ने सोसायटी से लोन लिया हो तो, का एक हद तक मृतक सदस्य के परिजन को सहायता ही पहुंचाती है। हम इसकी कोटि-कोटि आभारी है और चाहेंगे कि यह इसी तरह कार्य करती रहे। शुभकामनाओं सहित !

विभा श्रीवास्तवा
क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ

# संदेश

सम्मानित सदस्यगण,

सर्व विदित है कि सोसायटी समस्त संबन्धित कर्मचारियो की पूजी जरूरतों तथा आकस्मिक जरूरतों तथा पूँजी निवेश की उत्कृष्ठ सुविधा प्रदान करती है । सोसायटी कर्मचारियो की समयानुसार अनेकों पूँजी संबंधित जरूरतों को पूरा करती है। यह अत्यंत प्रशंसनीय है ।

मै समिति के सभी पदाधिकारियों एवं कुशल एवं त्वरित आवश्यकताओ हेतु तत्पर कर्मचारियो का आभार प्रकट करता हूँ, तथा समस्त संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मचारियो के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ । धन्यवाद!

हार्दिक शुभकामनाओं सहित -



सत्ती दीन
प्रबन्धक
ने0इ0क0क्षे0का0

प्रिय बंधुओं,

साथी हाथ बढ़ाना, मिलकर बोझ उठाना की भावना से आज से 46 वर्ष पूर्व बहुत ही कम सदस्यों के साथ बढ़ता जनरल इंश्योरेंस एम्प्लाईज को-आपरेटिव क्रेडिट सोसायटी लखनऊ का यह कारवां आज तमाम सदस्यों के सेवानिवृत्त पश्चात भी 1200 सदस्यीय परिवार का एक विशाल समूह बन चुका है, जिसने पारिवारिक सदस्यों की आर्थिक आवश्यक सेवाओं को पूरा करने की दिशा में निरन्तर सकारात्मक प्रयास किया है। अपने सदस्यों की आकस्मिक जरूरतों अथवा दीर्घकालिक योजनाओं में भागीदार बनकर हम सभी सदस्यगण सामूहिक संतुष्टि एवं गौरव का अनुभव करते हैं। पारस्परिक सहयोग एवं विश्वास ही हमारे इस परिवार का आभार और विस्तार है।



मैं आशा करती हूँ कि यह बेल सदा-सर्वदा इसी विश्वास और सहयोग से पुष्पित-पल्लवित होती रहेगी और जनरल इंश्योरेंस एम्प्लाईज को-आपरेटिव क्रेडिट सोसायटी लखनऊ अपने हर सदस्य के जीवन और घर-परिवार में किसी न किसी रूप में अपनी उपस्थित बनाये रखेगी।

परस्पर विश्वास की इसी डोर से बंधी -

सीमा सिंह
प्रबंधक
ने0इ0क0क्षे0का0

जनरल इन्श्योरेन्स एम्प्लाइज को-आपरेटिव क्रेडिट सोसायटी के समस्त सदस्यों को 46वीं वार्षिक अधिवेशन की हार्दिक शुभकामनाएं।

आप सभी सदस्यों का सहयोग सोसाइटी की प्रगति में सहायक सिद्ध हुआ है। सहकारी समिति अपने कामकाज में सदैव पारदर्शी और निष्पक्ष रही है। मुझे पिछले वर्ष सोसाइटी के सदस्य के रूप में कार्य करके अत्यंत हर्ष एवं उत्साह प्रतीत हुआ एवं सोसायटी को निरंतर अग्रसारित देखा। मैं सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों को अपनी शुभकामानाएं प्रेषित करती हूँ।

धन्यवाद!



सोनल पाण्डेय
सहायक प्रबंधक
ने0इ0क0क्षे0का0

प्रिय साथियों, सादर प्रणाम मुझे आज जनरल इंश्योरेंस एम्पलाई को-आपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी की पत्रिका के नवीनतम अंक के माध्यम से पहली बार आप सभी के समक्ष संदेश देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। आपके द्वारा कार्मिकों के हित में किये जा रहे प्रयास और योगदान अतुलनीय है। आपकी संस्था की सफलता न केवल कर्मचारियों के जीवन को बेहतर बना रही है, बल्कि समाज में भी एक महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। मैं वर्तमान में क्रेडिट सोसाइटी से जुड़े सभी सम्मानित कार्मिकों के कार्यों एवं अथक प्रयासों की सराहना करती हूं और सोसाइटी में सुख-समृद्धि और उन्नति बनी रहे यही मेरी शुभकामनाएं हैं। धन्यवाद

कंचन राणा
ओ0 इं0 क0 लि0, लखनऊ



सम्मानित सदस्यगण,

सर्वप्रथम आपको एवं कार्यकारिणी के समस्त सदस्यों को जनरल इंश्योरेंस एम्प्लाईज को-आपरेटिव सोसायटी, लखनऊ की 46वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई के साथ-साथ सुखद एवं स्वस्थ भविष्य की कामना करता हूँ।

जैसा कि सर्वविदित है कि लखनऊ सहकारी समिति के द्वारा अपने सदस्यों के हित में अनेकों कल्याणकारी योजनाएँ चला रही है। फलस्वरूप इस समिति में जुड़े सदस्यगण अपनी अल्प बचत के साथ-साथ ब्याज के रूप में लाभ एवं लाभांश अर्जित कर रहे है। समिति की योजनाएं जैसे कि सावधि जमा, आवर्ती जमा, मासिक आय योजना, आवश्यकता के अनुरूप सदस्यों को ऋण तथा सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना इत्यादि प्रशंसनीय योजनाएं समिति द्वारा चलाई जा रही है।

मैं आशा करता हूँ कि यह समिति भविष्य में नई चुनौतियों को स्वीकार करते हुए अपने सदस्यों के साथ सदैव उन्नति की असीम ऊचाँईयों को प्राप्त करें।

शुभकामनाओं सहित।

दिनेश चन्द्र श्रीवास्तव
सदस्य संचालक मण्डल



शिव लखन
सदस्य संचालक मण्डल

सम्मानित सदस्यों,

सोसायटी की वार्षिक आम बैठक में आप सभी का स्वागत है। सोसायटी अपनी निष्पक्षता एवं सदस्यों के हित के प्रति वचनबद्ध है, जिसमें आप सभी सदस्यों व कार्यालय के कर्मचारियों का सहयोग सोसायटी को अपने शिखर की ओर ले जाने में सहायक साबित हो रहा है।

पुनः शुभकामनाओं के साथ।



प्रिय सदस्यगण,

सोसायटी की 46वीं वार्षिक आम सभा के लिए आप सभी को ढेर सारी बधाई।

आपकी सोसाइटी निंतर अपना दायित्व निभाती रही है, इसमें आपके सहयोग का बहुत बड़ा योगदान है। सोसाइटी के स्टाफ की जितनी तारीफ की जाये, वह भी कम है, क्योंकि बिना उनके योगदान के, हमारा आपको सेवा दे पाना असम्भव होगा। हम सबके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते है और हमें पूर्ण विश्वास है कि मौजूदा बोर्ड अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव व सदस्यगण सोसइटी की उन्नति के शिखर तक पहुंचाने में सदा तत्पर रहेंगे।

हम हमेशा की तरह अपनी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के लिए कटिबद्ध थे और आगे भी रहेंगे। अविलम्ब ऋण भुगतान के लिए आपकी समिति सर्वोपरि है, जो यह दर्शाता है कि समिति सदस्यों की ही नहीं अपितु उनके परिजनों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने की दृष्टि से भी सर्वोपरि है। मैं आप सभी को समिति के संचालक मण्डल, पदाधिकारियों एवं समिति कार्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की तरफ से विश्वास दिलाता हूँ कि हम सभी समिति की उत्तरोत्तर प्रगति के लिए सदैव प्रयासरत रहेंगे।

धन्यवाद !

अविनाश चन्द्र
सदस्य संचालक मण्डल

# GENERAL INSURANCE EMPLOYEES CO-OPERATIVE CREDIT SOCIETY LTD.

2nd Floor , B.M. Plaza, Nawal Kishore Road, Lucknow-226 001
website : www.giecooplw.com, E-mail : giecooplw@yahoo.com, Ph. : 0522-4066531


Ref. No. : COOP/ Dated : 27.08.2024

सेवा में,

**सम्माननीय सदस्य गण**

महोदय,

**विषय : वार्षिक सामान्य बैठक (सहकारिता वर्ष 2023-2024)**

आपको सूचित किया जाता है कि समिति के संचालक मण्डल की बैठक दिनांक 14.08.2024 में लिये गये निर्णयानुसार समिति की वार्षिक सामान्य बैठक दिनांक 29.09.2024 को प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक हरि ओम मन्दिर, जे. सी. बोस मार्ग, लालबाग, निकट जय भारत सिनेमा, लखनऊ में आयोजित की जा रही है जिसमें निम्न विषयों पर विचार किया जायेगा।

1. पूर्व सामान्य बैठक में लिये गये निर्णयों का अनुमोदन।
2. आगामी सहकारिता वर्ष के लिये कार्यकलापों का अनुमोदन।
3. सहकारी वर्ष 2023-2024 के रोकड़ पत्र एवं वार्षिक प्रतिवेदन पर विचार।
4. सहकारी वर्ष 2023-2024 के शुद्ध लाभ का निस्तारण।
5. वर्तमान सहकारी वर्ष के बजट एवं दायित्वों एवं आगामी सहकारिता वर्ष के बजट एवं दायित्यों का निर्धारण।
6. अन्य विषय सभापति की आज्ञानुसार।

आपसे अनुरोध है कि निश्चित समय पर पहुंचकर बैठक में सम्मिलित हो और बैठक को सफल बनाने का कष्ट करें।

सधन्यवाद।

भवदीय

अनिल कुमार वर्मा
अवैतनिक सचिव

**WE INVEST YOUR MONEY FOR YOUR WELFARE**

# वार्षिक सामान्य बैठक दिनांक 07 अक्टूबर 2023 की कार्यवाही एवं लिए गए निर्णय

दिनांक 07 अक्टूबर 2023 को वार्षिक सामान्य बैठक प्रातः 10.00 बजे हरओम मन्दिर के सभागार, लालबाग, लखनऊ में आयोजित की गई। बैठक में समिति के सदस्यों ने बढ-चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें नवनिर्वाचित बोर्ड ने अतिउत्साह के साथ कार्यवाही आरम्भ की। बैठक में अतिथि श्री परमजीत सिंह पूर्व सभापति, श्री बी0 के0 शुक्ला पूर्व सचिव श्री कबीर अहमद पूर्व सचिव का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया गया इसके उपरान्त समिति में सराहनीय कार्य हेतु समिति कर्मचारियों का स्वागत किया गया। समिति के संस्थापक स्वर्गीय एस. आर. सरकार की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। सभा का उद्घाटन सभापति और उपस्थित अतिथिगणों द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया तदोपरान्त संचालक मंडल सदस्घ्यों के द्वारा बारी-बारी से दीप प्रज्वलित किये गये इसके उपरान्त सभा का संचालन आरम्भ किया गया। सचिव के द्वारा उपस्थित सभी संचालक मंडल सदस्यों तथा सभागार में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया गया और सभापति महोदया श्रीमती सरिता सोनकर को अध्यक्षीय संदेश के लिए आमंत्रित किया उन्होंने सभागार में उपस्थित सदस्यों एवं अतिथियों का स्वागत किया और अपने सम्बोधन में अवगत कराया कि समिति ने वर्ष 2022-23 में 1.49 करोड़ का लाभ अर्जित किया है। उन्होंने बताया कि अभी शीघ्र ही नये बोर्ड का गठन हुआ है जिसमें नये व पुराने संचालक मण्डल सदस्य हैं और हमारे समक्ष नयी चुनौतियाँ हैं जिनका सामना हमें डटकर करना है और हमने सभी सदस्यों के सहयोग से सर्वोत्कृष्ठ देने का प्रयास किया है। सभापति महोदया ने यह भी बताया कि समिति की सभी महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाओं को अधिकतम सदस्यों तक पहुँचाने का प्रयास किया है और हम सतत प्रयासों में सफल भी हुए हैं जैसे कि मृतक के विधिक आश्रितों को निर्धारित आर्थिक सुरक्षा के अन्तर्गत बकाया ऋण राशि का 40 प्रतिशत या 5 लाख जो भी कम हो, माफ कर देना, रू0 3 लाख का अनुदान तथा अंतिम संस्कार हेतु निर्धारित धनराशि रू0 5,000/- समिति की ओर से अर्थिक सहायता प्रदान करना। हमें गर्व है कि हमने सामूहिक प्रयासों से समयावधि में ये सभी भुगतान सुनिश्चित किये गये। सभापति महोदया ने बताया कि यह अत्यधिक चिन्ता का विषय है कि समिति में सदस्य अधिक संख्घ्या में सेवानिवृत्त हो रहे हैं परिणामस्वरूप सदस्यों की संख्या दिन-प्रतिदिन कम होती जा रही है हमारा सतत प्रयास है कि हम नये सदस्यों को समिति के साथ जोड़ें जिससे कि घटती संख्या का प्रभाव कम कर सकें। सभापति महोदया ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमने अविलब ऋण आवेदन-पत्रों का निस्तारण, सावधि एवं आवर्ती जमा का भुगतान कर पा रही हूँ तथा सदस्यों के लिए आर्थिक सुरक्षा एवं वित्तीय सेवाओं के साथ समितियों में अग्रणी रहने का प्रयास करेंगे, उन्होंने समिति में कार्य कर रहे कर्मियों के कार्यों की सरहाना की। इन्हीं शब्दों के साथ उन्होंने अपना वक्तव्य समाप्त किया। सभा में उपस्थति मुख्य अतिथि ने समिति की योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि यह समिति भारत में स्थापित समितियों में अग्रणी भूमिका निभा रही है इस अवसर पर उपसभापति एवं सभी संचालक मण्डल सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, सभी ने अपना उत्कृष्ट योगदान भी दिया।

सहकारिता वर्ष 2023-24 का वार्षिक प्रतिवेदन : -

सदस्यता वर्ष 2022-23 में समिति से 199 सदस्य कम हुए तथा 51 नये सदस्य बने। 1 अप्रैल 2023 में कुल सदस्यों की संख्या 1351 थी जो घटकर 31 मार्च 2024 को 1203 सदस्य ही रह गये, यह अप्रत्याशित कमी अत्यधिक सेवानिवृत्त के कारण हुई। इस चुनौती को स्वीकार करते हुए हम निरन्तर सदस्यों की संख्या में वृद्धि करने का प्रयास कर रहे हैं। निजी पूँजी: (अंश पूँजी रक्षित निधि एवं अन्य निधियाँ) पिछले 1 वर्ष में निजी पूँजी 1226.36 लाख से बढ़कर 1277.35 लाख हो गई जिसमें 50.99 लाख की वृद्धि हुई। कुल निजी पूँजी में 4.16 प्रतिशत की वृद्धि हुई। अंश पूँजी 8.93 लाख से बढ़कर 946.35 लाख हो गई पिछले वित्तीय वर्ष में 0.95 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। रक्षित निधि 16 लाख से बढ़कर 223.68 लाख हो गई, पिछले वित्तीय वर्ष में 7.70 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। अन्य निधियाँ 26.06 लाख से बढ़कर 107.32 लाख हो गई। पिछले वित्तीय वर्ष में 32.07 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वाह्य स्रोतों की पूँजी : (जमा राशियाँ जैसे एफ. डी, आर. डी टी.एफ तथा अन्य)

रूपये 395.73 लाख कम होकर 4129.44 लाख रूपये रह गयी जिसमें 8.75 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। कार्यशील पूँजी 344.74 लाख कम होकर 5406.79 लाख रह गई जिसमें 5.99 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। प्रबन्धकीय व्यय पिछले वित्त्तीय वर्ष में 30.36 लाख व्यय किये गये जो कार्यशील पूँजी का 0.56 प्रतिशत है। समिति ने कुल शुद्ध लाभ 148.97 अर्जित किया। मृत्यु सहायता कोष में पिछले वित्तीय वर्ष में रूपये 2313900 सदस्यों से जमा किये गये तथा लाभ से रूपये 20 लाख जमा किये गये और पिछले वित्तीय वर्ष में 2452088 की सहायता मृत सदस्यों के परिवार को प्रदान की गई अब यह कोष रूपये 5880005 रह गया है। अंत में सचिव ने बताया कि यह समय बीमा उद्योग संकटों से गुजर रहा है आप सभी अपना काम पूर्ण निष्ठा एवं लगन से करें क्योंकि सार्वजनिक बीमा उद्योग में कर्मियों की संख्या लगातार घट रही है और प्रीमियम में वृद्धि हो रही है इसका प्रभाव यह है कि प्रीमियम में वृद्धि हमारे लिए हर्ष का विषय है परन्तु कर्मियों की घटती संख्या चिन्ता का विषय है जो हम सबके लिए एक बड़ी चुनौती है, हमें इस चुनौती को स्वीकार करते हुए अपनी सम्पूर्ण शक्ति के साथ बीमा उद्योग को बढ़ाने और अपने ग्राहकों को सर्वोत्कृष्ठ सेवा देने के लिए अथक प्रयास करना होगा। हमारा सार्वजनिक बीमा उद्योग समृद्ध होगा तो हमारी समिति में भी उत्तरोत्तर वृद्धि होगी। समिति के सभी सदस्यों से समिति की कल्याणकारी योजनाओं व समृद्धि के लिए विचार आमंत्रित किये और जय भारत जय सहकारिता आंदोलन के उद्घोष के साथ अपनी बात समाप्त की।

उपस्थति अतिथि श्री परमजीत सिंह पूर्व सभापति, श्री बी0 के0 शुक्ला पूर्व सचिव एवं श्री कबीर अहमद ने अपने-अपने वक्तब्यों में समिति की योजनाओं व त्वरित कार्यवाही जैसे ऋणों का त्वरित निस्तारण, आर. डी. की परिपक्वता पर त्वरित भुगतान एवं एफ0 डी0 का नवीकरण भुगतान व अन्य विवध कार्यों का त्वरित निस्तारण करने के लिए सराहना की। समिति द्वारा किये जा रहे कार्यों के लिए समिति कार्यरत कर्मियों का सदस्यों के साथ मृदुल व्यवहार की भूरिभूरि प्रशंसा की गई। यह सब संचालक मण्डल सदस्यों द्वारा लिये गये सशक्त निर्णयों, सचिव व सभापति महोदया की दूरदर्शी सोंच व सदस्यों के सहयोग का परिणाम है कि हम अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल रहे हैं। नवनिर्वाचित उपसभापति श्री जी0 एस0 सिंह, संचालक मण्डल सदस्य श्री अजय टण्डन, श्री शुभकरन, श्री दिनेश चन्द्र श्रीवास्तव, श्रीमती सोनल पाण्डेय, श्री अविनाश चन्द्र, श्री के0 के0 त्रिपाठी एवं श्री शिव लखन ने समिति कार्य कर रहे कर्मियों एवं पूर्व से लागू कल्याणकारी योजनाओं की प्रशंसा की और उन्होंने आश्वस्त किया कि वे अपनी सम्पूर्ण निष्ठा एवं इमानदारी से समिति में और अधिक कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने का प्रयास करेंगे। इसके पश्चात एजेण्डा संख्या दो से पाँच तक विचार हेतु प्रस्तुत किया गया। दिनाँक 12.09.2024 को प्रबन्धकीय समिति की बैठक में लिये गये निर्णय की पुष्टि। बिन्दु-1 : दिनाँक 18.04.2023 को संशोधित सावधि जमा में 1 वर्ष के लिए 7 प्रतिशत, दो वर्षों के लिए 7.25 प्रतिशत एवं 3 वर्षों के लिए 7.50 प्रतिशत। मासिक आय योजना में 6.75 प्रतिशत। आवर्ती जमा पर 1 वर्ष के लिए 6.25 प्रतिशत, 2 वर्ष के लिए 6.75 प्रतिशत एवं 3 वर्षों के लिए 7.50 प्रतिशत। ऐसे सेवानिवृत्त सदस्य जिनका रिटायरमेन्ट 6 माह के अन्दर हुआ है वे अधिकतम रूपये 10 लाख तक सावधि योजना में जमा कर सकते हैं, के निर्णय की पुष्टि। बिन्दु सं0-2, प्रभावी तिथि 01 जून 2023 निर्णय लिया गया कि सदस्य की मृत्यु की दशा में बकाया कुल ऋण धनराशि का 45 प्रतिशत के स्थान पर 40 प्रतिशत परन्तु अधिकतम रूपये 5 लाख जो भी कम हो तक ऋण राशि माफ की जायेगी। कोई भी सदस्य अपने सेवानिवृत्त के उपरान्त दो वर्षों के अन्दर रूपये 20 लाख तक सावधि योजना में जमा कर सकता है, के निर्णय की पुष्टि। बिन्दु सं0-3, प्रभावी तिथि 08 जुलाई 2023, निर्णय लिया गया कि बाजार परिवेश के साथ सामंजस्य बनाने के लिए सभी योजनाओं एवं ऋणों पर वर्तमान में लागू ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की वृद्धि की गई, के निर्णय की पुष्टि। बिन्दुं सं0-4, प्रभावी तिथि 31 दिसम्बर 2023, निर्णय लिया गया कि सावधि जमा पर 1 वर्ष के लिए 7.75 प्रतिशत, 2 वर्ष के लिए 8.00 प्रतिशत तथा 3वर्षों के लिए 8.25 प्रतिशत तक वृद्धि। मासिक आय योजना में 7.50 प्रतिशत तक वृद्धि। आवर्ती जमा पर 1वर्ष के लिए 7.00 प्रतिशत, 2 वर्ष के लिए 7.50 प्रतिशत तथा 3 वर्षों के लिए 8 प्रतिशत तक वृद्धि। सभी प्रकार के ऋणों पर ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की वृद्धि के निर्णय की पुष्टि। प्रबन्ध समिति ने सर्वसम्धति से थ्रिफ्ट फण्ड रू0 800से बढ़ाकर रू0 1,000 कर दिया जिसकी प्रभावी तिथि 01 जनवरी 2024 घोषित की गई। 01 दिसम्बर 2023 से ऐसे सेवानिृत्त सदस्य अपनी सेवानिवृत्त

तिथि से पांच वर्षों के अन्दर रूपये 20 लाख तक सावधि या मासिक आय योजना में जमा कर सकता है, के निर्णयों की पुष्टि। बिन्दु सं0-5, ऋण अति आवश्यक ऋण जिसकी 2 माह के वेतन या दो लाख चालीस हजार रूपए में से जो कम होगी जिसकी अदायगी अधिकतम 18 मासिक किस्तों में की जाएगी। सामान्य ऋण जिसकी राशि 5 माह के वेतन या पांच लाख रूपए में से जो कम होगी से अधिक नहीं होगी जिसकी अदायगी अधिकतम 36 मासिक किस्तों में की जाएगी विशेष श्रेणी जिसकी राशि 18 माह के वेतन या 18 लाख रूपये में से जो कम होगी, से अधिक नहीं होगी जिसकी अदायगी अधिकतम 180 मासिक किस्तों में की जाएगी। नियम 192 के प्रावधानों के अधीन तीनो ऋण की कुल राशि संयुक्त रूप में विशेष ऋण के रूप में स्वीकृत की जा सकती है परन्तु प्रतिबंध यह होगा कि सदस्य पर अति आवश्यक ऋण एवं सामान्य ऋण न चल रहा हो जिसकी अधिकतम राशि 25 माह के वेतन या 25 लाख रूपये में जो कम होगी से अधिक नहीं होगी जिसकी अदायगी अधिकतम 180 मासिक किस्तों में की जाएगी। सूची संख्या-3 गत सहकारिता वर्ष 2022-23 के रोकड़ पत्र एवं वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया पर विचार तथा उसका अनुमोदन। सूची संख्या-4 गत सहकारिता वर्ष 2022-23 के शुद्ध लाभ का निस्तारण सहकारिता वर्ष में शुद्ध लाभ रूपये 148.97 लाख दर्ज किया गया जिसको रिजर्व फण्ड में 10 प्रतिशत मृत्यु सहायता निधि में 17 लाख रूपये, ग्रेच्युटी एवम छुट्टी नकदीकरण में रू0 3320881, सेवानिवृत्त स्मृति चिह्न हेतु अधिकतम रू0 4 लाख या 100 स्मृति चिह्न हेतु आवश्यक राशि वार्षिक सामान्य बैठक हेतु अधिकतम 50 हजार अन्य निधियों में नियमानुसार आवश्यक राशि के समायोजन के उपरान्त 11 प्रतिशत लाभांश देने के निर्णय की पुष्टि। सूची सं0-5 वर्तमान सहकारिता वर्ष 2023-24 तथा आगामी सहकारिता वर्ष 2024-25 के बजट और दायित्वों का निर्धारण।

रूपये लाख में

| अनुमानित आय | वर्ष 2023-2024 धनराशि लाख में | वर्ष 2024-2025 धनराशि लाख में |
|---|---|---|
| कुल आय | 467.60 | 455.00 |
| कुल व्यय | 290.46 | 285.00 |
| कुल लाभ | 177.14 | 170.00 |

सदस्यों से अनुरोध किया गया कि अभी आडिट कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है अतः वार्षिक प्रतिवेदन और पुस्तिका में संलग्न तुलन पत्र तथा लाभ का वितरण अनंतिम रूप से पारित किये जाने की पुष्टि की जा सकती है। यह आडिट कार्य पूर्ण होने के बाद ही अंतिम रूप से पारित की जा सकती है। सभी सदस्यों से इन प्रस्तावों पर विचार आमंत्रित किए गये। उपस्थित सदस्य्यों में से अधिकांश सदस्यों ने सेवानिृत्त के कारण कम हो रहे सदस्यों पर चिन्ता व्यक्त की तथा नये सदस्यों को समिति से जोड़ने के लिए सुझाव दिये। कुछ सदस्यों ने सुझाव दिया कि जो सदस्य्य रिटायर हो जाते हैं उनके लिए भी सोसायटी में ऐसी योजनाऐं चलाई जायें कि वे भी समिति से निरन्घ्तर जुड़े रहें। यद्यपि कि समिति ने ऐसी योजनाओं पर काम करना प्रारम्भ कर दिया है और हमें अपेक्षित परिणाम भी मिल रहे हैं और हम संयुक्त रूप से प्रयास भी कर रहे हैं कि समिति से अधिक से अधिक संख्य्या में नये सदस्य्यों जुड़ाव हो। अंत में सचिव ने सभी सदस्यों से पेश किये गए सूची संख्य्या 2 से 5 तक के सभी प्रस्ताव को हाथ उठाकर पास करने का अनुरोध किया। सभी सदस्यों ने अपने-अपने हाथ उठाकर इन प्रस्तावों को निर्विरोध पारित किया। तत्पश्चात पिछले एक वर्ष में मृत सदस्यों को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कुछ क्षणों के लिए सभा की कार्यवाही स्थगित रखने के बाद सभापति महोदय ने सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया तथा राष्ट्रगान के पश्चात सभा की समाप्ति की घोषणा की।

(अनिल कुमार वर्मा)
सचिव

(सरिता सोनकर)
सभापति

# समिति की प्रगति का तुलनात्मक अध्ययन

## (धनराशि लाख में)

| क्रम सं0 | विवरण | 31-03-2018 | 31-03-2019 | 31-03-2020 | 31-03-2021 | 31-03-2022 | 31-03-2023 | 31.03-2024 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सदस्य संख्या | 1858 | 1785 | 1706 | 1597 | 1473 | 1351 | 1203 |
| 2. | निजी पूँजी (क+ख+ग) | 1281.25 | 1268.59 | 1240.36 | 1260.43 | 1226.36 | 1277.35 | 1275.04 |
| | (क) अंश पूँजी | 899.18 | 940.08 | 975.68 | 968.40 | 937.42 | 946.35 | 908.81 |
| | (ख) रक्षित निधि | 144.21 | 156.67 | 172.28 | 190.-30 | 207.68 | 223.68 | 238.57 |
| | (ग) अन्य निधियाँ | 237.86 | 171.84 | 92.40 | 101.13 | 81.26 | 107.32 | 127.66 |
| 3. | वाह्य स्रोत की पूँजी (क+ख+ग+घ) | 5559.35 | 5565.92 | 5573.42 | 5280.95 | 4525.17 | 4129.44 | 4206.75 |
| | (क) सावधि जमा | 3253.91 | 3235.68 | 3224.18 | 2971.08 | 2392.10 | 2028.55 | 2256.67 |
| | (ख) आर0डी0 | 222.65 | 219.65 | 194.86 | 215.76 | 220.72 | 190.10 | 177.07 |
| | (ग) थ्रिफ्ट फण्ड | 1106.86 | 1193.60 | 1274.14 | 1295.55 | 1271.64 | 1233.55 | 1116.54 |
| | (घ) अन्य | 975.93 | 916.99 | 879.64 | 797.76 | 640.11 | 677.24 | 656.47 |
| 4. | कार्यशील पूँजी (2+3) | 6840.60 | 6834.51 | 6813.78 | 6540.58 | 5751.53 | 5406.79 | 5481.79 |
| 5. | प्रबन्धकीय व्यय | 21.52 | 24.85 | 26.91 | 25.18 | 29.11 | 30.36 | 35.44 |
| 6. | प्रबन्धकीय व्यय का कार्यशील पूँजी से प्रतिशत | 0.31 | 0.36 | 0.39 | 0.38 | 0.52 | 0.56 | 0.65 |
| 7. | सदस्यों को पिछले एक वर्ष मे जारी ऋण | 2785.74 | 2453.39 | 2786.46 | 1916.85 | 1706.70 | 2511.47 | 2059.49 |
| 8. | सदस्यों पर कुल ऋण | 5563.79 | 5586.28 | 5655.64 | 5223.89 | 4643.99 | 4712.34 | 4706.66 |
| 9. | कुल आय | 619.00 | 623.10 | 618.28 | 571.89 | 506.56 | 457.96 | 467.60 |
| 10. | कुल व्यय | 494.37 | 467.08 | 438.07 | 426.35 | 362.16 | 308.99 | 290.46 |
| 11. | कुल शुद्ध लाभ | 124.63 | 156.02 | 80.21 | 145.54 | 144.40 | 148.97 | 177.14 |

# समिति का छियालिसवाँ वार्षिक प्रतिवेदन

## (सहकारिता वर्ष 2023-2024)

वर्ष 2024 की वार्षिक सामान्य बैठक हम पिछले वर्ष की भाँति प्रत्यक्ष रूप में कर रहे हैं। हम इस सभा में आप सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत करते हैं। अब वैश्विक महामारी का लगभग अंत हो चुका है, इसको ध्यान में रखते हुए हमारे बोर्ड ने फैसला किया कि बैठक पिछल वर्ष की भाँति इस वर्ष भी प्रत्यक्ष रूप में ही की जाय। इस महामारी से हमारे बहुत से सदस्य खुद या उनके परिवार के सदस्य काल की गति पर चढ़ गये। इससे हमारी समिति को बहुत भारी छति उठानी पड़ी, हमारी सदस्यता तथा हमारे कोष पर भी विपरीत प्रभाव पड़ा था। पिछले वादे के अनुसार समिति ने सभी मृत सदस्यों के परिवार को उनके ऋण का 40 प्रतिशत या 5 लाख रूपये जो भी कम हो, माफ करके तथा मृत्यु सहायता कोष से रू0 3 लाख और अन्तिम संस्कार हेतु रू0 5 हजार की सहायता प्रदान की।

पिछले सहकारिता वर्ष 2023-24 में समिति ने 8 मृत सदस्यों के परिवार को 24 लाख 52 हजार की कुल सहायता प्रदान की है। यह हमारी समिति का मजबूती का प्रमाण है। अब हम सहकारिता वर्ष 2022-23 का वार्षिक प्रतिवेदन आपके सक्षम पेश कर रहे हैं :-

### सदस्यता

वर्ष 2022-2023 के अंत में सदस्य संख्या 1351 थी जो कि 31.03.2024 को 1203 रह गयी है जिसमें मृतक एवं अवकाश प्राप्त सदस्यों को हटाने तथा नये सदस्यों का प्रवेश निहित है। पिछले वर्ष में 51 नये सदस्यों ने सदस्यता प्राप्त की तथा त्याग पत्र, मृत्यु होने व अवकाश ग्रहण करने के कारण 199 सदस्यों ने समिति की सदस्यता छोड़ दी है। इस प्रकार सदस्य संख्या में 148 की कमी आई है। यह कमी साधारण बीमा में सेवानिवृत्त अधिक होने के कारण हुई है।

### निजी पूँजी (अंश पूँजी, रक्षित निधि एवं अन्य निधियाँ)

दिनांक 31.03.2023 को निजी पूँजी रू 1277.35 लाख थी जो दिनांक 31.03.2024 को रू0 1275.04 लाख हो गयी जिसमें वर्ष 2023-2024 में रू0 02.31 लाख की कमी दर्ज की गयी। पिछले वर्ष निजी पूँजी में वार्षिक वृद्धि 0.18 प्रतिशत की दर्ज की गयी।

### अंश पूँजी

समिति की अंश पूँजी दिनांक 31.03.2023 को रू 946.35 लाख थी जो दिनांक 31.03.2024 को रू0 908.81 लाख हो गई इसमें किसी बैंक/सरकारी संस्था की सहायता सम्मिलित नहीं है। समिति ने वर्ष 2023-2024 में रू0 37.54 लाख की कमी दर्ज की है। पिछले वर्ष अंश पूँजी में 03.97 प्रतिशत की कमी दर्ज की गयी।

### रक्षित निधि

समिति की रक्षित निधि दिनांक 31.03.2023 को रू0 223.68 लाख थी जो दिनांक 31.03.2024 को रू. 238.57 लाख हो गयी है। पिछले एक वर्ष में रू. 14.89 लाख की वृद्धि दर्ज की गयी है, यह वृद्धि पिछले एक वर्ष में 06.66 प्रतिशत रही है।

### अन्य निधियाँ

समिति के पास अन्य निधियाँ दिनांक 31.03.2023 को रू. 107.32 लाख जमा थी जो दिनांक 31.03.2024 को रू. 127.66 लाख हो गयी। पिछले एक वर्ष में रू. 20.34 लाख की वृद्धि दर्ज की है। पिछले वर्ष में 18.95 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है।

### वाह्य स्रोत की पूँजी (जमा राशियाँ जैसे एफ. डी., आर.डी., टी.एफ. तथा अन्य)

समिति में वर्ष 31.03.2023 के अंत में वाह्य स्रोत की पूँजी रू. 4129.44 लाख थी जो कि 31.03.2024 को रू0. 4206.75 लाख हो गयी है। जिसमें रू0 77.31 लाख की वृद्धि दर्ज की गयी। पिछले वर्ष की तुलना में वाह्य स्रोत की पूँजी की वार्षिक वृद्धि 1.87 प्रतिशत रही है।

**कार्यशील पूँजी**

31.03.2022 में कार्यशील पूँजी रू0 5406.79 लाख थी जो कि 31.03.2024 को रू0 5481.79 लाख हो गई। कार्यशील पूँजी में वर्ष 2023-2024 में रू0 75.00 लाख की वृद्धि आयी है। पिछले वर्ष कार्यशील पूँजी पर 1.39 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

**ऋण तथा अग्रिम**

